दैनिक सवेरा
टाइम्स
4
www.dainiksaveratimes.com
जम्मू, शनिवार, 26 जून 2021

डोगरी तथा मलयालम भाषा में कवि गोष्ठी का किया आयोजन



ऑनलाइन के माध्यम से कवि गोष्ठी में भाग लेते हुए कवि।

जम्मू (सवेरा) : साहित्य अकादमी नई दिल्ली की तरफ से ऑनलाइन साहित्य श्रंखला एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत डोगरी तथा मलयालम भाषा में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें डोगरी एवं मलयालम भाषा के कवियों ने भाग लिया। इस कविता पाठ में जम्मू से साहित्य अकादमी द्वारा सम्मानित डोगरी भाषा के युवा कवि राजेंद्र राजा तथा डोगरी भाषा के ही मशहूर साहित्यकार एवं साहित्य अकादमी द्वारा पुरस्कृत कवि कुलदीप अभिशाप ने अपनी कविताएं पढ़ी। वहीं दूसरी ओर मलयालम भाषा में सुप्रसिद्ध कवियत्री अनीता थंपी तथा सुप्रसिद्ध कवि अलंकोडे लीलाकृष्णन ने भी अपनी कविताओं का पाठ किया। इस कार्यक्रम का संयोजन साहित्य अकादमी नई दिल्ली के सह सचिव डाक्टर एन. सुरेश बाबू ने किया। अपने शुरुआती उद्बोधन में डाक्टर एन. सुरेश बाबू ने कहा कि इस प्रकार के अंतर भाषी कार्यक्रमों के आयोजन का उद्देश्य विभिन्न भाषाओं में लिखने वाले कवियों को एक मंच पर लाना है ताकि विभिन्न भाषाओं से जुड़े साहित्यकार भारत की साझा सांस्कृतिक विरासत से रूबरू हो सके। कार्यक्रम का समापन भी डा. एन. सुरेश बाबू के धन्यवाद प्रस्ताव से हुआ। इस कार्यक्रम में सभी कवियों ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कटु सत्य

जम्मू। शनिवार,

26 जून, 2021

डोगरी-मलयालम कवियों ने एक मंच पर पढ़ीं अपनी कविताएं

जम्मू।

साहित्य अकादमी नई दिल्ली की ओर से आजादी का अमृत महोत्सव एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत डोगरी तथा मलयालम भाषा में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें डोगरी एवं मलयालम भाषा के कवियों ने भाग लिया। इस कविता पाठ में जम्मू से साहित्य अकादमी द्वारा सम्मानित डोगरी भाषा के युवा कवि उमेश सिंह तथा डोगरी भाषा के ही पुरस्कार युवा साहित्य अकादमी द्वारा पुरस्कृत कवि कुलदीप अभिलाष ने अपनी कविताएं पढ़ीं। वहीं दूसरी ओर मलयालम भाषा में कवियित्री अनीता थम्पी तथा कवि [illegible] राधाकृष्णन ने भी अपनी कविताओं का पाठ किया। कवि गोष्ठी में भाग लेने वाले सभी कवियों ने कहा कि यह अनुभव अपने आप में नया अनुभव था। उमेश सिंह ने कहा कि इस तरह के प्रयासों से पूरे देश के कवि एक-दूसरे को खुल कर समझ पाएंगे। ऐसे प्रयासों से ही एक भारत श्रेष्ठ भारत का सपना साकार हो सकेगा। यह ऑनलाइन कवि सम्मेलन अपने आप में खास रहा। कार्यक्रम में एकता का बेहतरीन उदाहरण सामने आया। कार्यक्रम का संयोजन साहित्य अकादमी नई दिल्ली के सह संपादक डाक्टर एन सुरेश बाबू ने किया। अपने शुभकामना संदेश में डाक्टर एन सुरेश बाबू ने कहा कि इस प्रकार के और भी कार्यक्रमों के आयोजन का उद्देश्य विभिन्न भाषाओं में लिखने वाले कवियों को एक मंच पर लाना है ताकि विभिन्न भाषाओं से जुड़े साहित्यकार भारत की साझा सांस्कृतिक विरासत से परिचित हो सकें। कार्यक्रम का समापन भी डा. एन. सुरेश बाबू के धन्यवाद प्रस्ताव से हुआ। कवियों ने इस मंच पर खुशी जताई और आगे भी इस तरह का आयोजन होते रहना चाहिए।

स्टेट समाचार

शनिवार, 26 जून 2021

डोगरी-मलयालम कवियों ने एक मंच पर पढ़ीं अपनी कविताएं

जम्मू, स्टेट समाचार

साहित्य अकादमी नई दिल्ली की ओर से आयोजित साहित्य श्रृंखला एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत डोगरी तथा मलयालम भाषा में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें डोगरी एवं मलयालम भाषा के कवियों ने भाग लिया। इस कविता पाठ में जम्मू से साहित्य अकादमी द्वारा सम्मानित डोगरी भाषा के युवा कवि राजेश [illegible] तथा डोगरी भाषा के ही साहित्यकार एवं साहित्य अकादमी द्वारा पुरस्कृत कवि [illegible] ने अपनी कविताएं पढ़ीं।

वहीं दूसरी ओर मलयालम भाषा के [illegible] अनीता [illegible] तथा कवि [illegible] ने भी अपनी कविताओं का पाठ किया। कवि गोष्ठी में भाग लेने वाले सभी कवियों ने कहा कि यह उनका अपने आप में नया अनुभव था। राजेश [illegible] ने कहा कि इस तरह के प्रयासों से पूरे राष्ट्र के कवि एक-दूसरे को सुन सकेंगे। [illegible] एक भारत श्रेष्ठ भारत का सपना साकार हो सकेगा। यह ऑनलाइन कवि सम्मेलन अपने आप में खास रहा। [illegible] एकता का बेजोड़ उदाहरण [illegible]

कार्यक्रम का संयोजन साहित्य अकादमी नई दिल्ली के [illegible] डॉ. एन. सुरेश बाबू ने किया। अपने स्वागत वक्तव्य में [illegible] एन सुरेश बाबू ने कहा कि इस प्रकार के और भी कार्यक्रमों के आयोजन का उद्देश्य विभिन्न भाषाओं में लिखने वाले कवियों को एक मंच पर लाना है ताकि विभिन्न भाषाओं से जुड़े साहित्यकार भारत की साझा सांस्कृतिक विरासत से अवगत हो सकें। कार्यक्रम का समापन भी डॉ. एन. सुरेश बाबू के धन्यवाद प्रस्ताव से हुआ। कवियों ने इस बात पर जोर दिया कि आगे भी इस तरह का आयोजन होते रहना चाहिए।